जनपद न्यायालय,बुलन्दशहर

विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलन्दशहर के निर्देशानुसार किशोर न्याय बोर्ड, बुलन्दशहर में कुल 04 पैनल अधिवक्तागण की नियुक्ति होनी है, जिसके लिये न्युनतम तीन वर्ष तक विधि व्यवसाय करने वाले अधिवक्तागण आवेदन करने के लिये अर्ह होगें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बुलन्दशहर के अन्तर्गत मेडियेटर अथवा पैनल अधिवक्ता आदि के रूप में कार्य कर रहे अधिवक्ता आवेदन के लिये अर्ह नहीं होगें। बाद साक्षात्कार नियुक्त पैनल अधिवक्तागण की सेवा शर्ते एवं मानदेय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण(निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवा) विनियम 2010 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्गत पत्रांक संख्या–33/ एस0एल0एस0ए0–/03ए0/11 (डी.रेम) दिनॉकित जनवरी, 1,2018 में उल्लिखित नियमों के अधीन मान्य एवं प्रभावी होगी।

आवेदन–पत्र का प्रारूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलन्दशहर के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनॉक 14.08.2026 तक निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन–पत्र सम्यक रूप से पूर्ण कर दिनॉक 14.08.2026 तक कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलन्दशहर में प्राप्त करायी जाये। विधि की डिग्री सहित सभी शैक्षिक योग्यता प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणति छाया प्रतियॉ तथा सम्बन्धित बार संघ द्वारा जारी अनुभव प्रमाण–पत्र, आवेदन–पत्र के साथ संलग्न होना आवश्यक है। आवेदन–पत्र में अभ्यर्थीगण अपने मोबाईल नम्बर / ई–मेल एड्रेस का उल्लेख करें, जिससे कि साक्षात्कार के लिये उन्हें बाद में सूचित किया जा सकें।

विज्ञप्ति की प्रति जनपद न्यायालय, डिस्ट्रिक्ट एवं सिविल बार, बुलन्दशहर के नोटिस बोर्ड, पर चस्पा हो। विज्ञप्ति, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर के वेबसाईट पर भी अपलोड हो।

अध्यक्ष,
पैनल अधिवक्ता नियुक्ति समिति/
जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर
01.08.2026

जनपद न्यायालय बुलन्दशहर।

किशोर न्याय बोर्ड में पैनल अधिवक्ता हेतु आवेदन पत्र

नामः–

पिता/पति का नामः–

जन्म तिथि (अंको में):–

पताः–

पासपोर्ट साईज फोटो

मोबाईल नम्बरः–

ई–मेल आई0डी0:–

शैक्षिक योग्यताः–

वकालत अनुभवः–
(विवरण सहित)

रजिस्ट्रेशन न0:–

अन्य विवरणः–

हस्ताक्षर

दिनांकः–

घोषणा पत्र

मैं .....पुत्र/पुत्री/पत्नी..... यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक मामला लम्बित नहीं है, और किसी न्यायालय से मुझे दोषसिद्ध नहीं किया गया है। मेरा किसी राजनैतिक पार्टी से कोई सम्बन्ध नहीं है। मेरे द्वारा किये गये उपरोक्त कथन सत्य एवं सही है। मुझे यह भी ज्ञान है कि कोई कथन गलत पाये जाने पर मेरे विरूद्ध कार्यवाही की जा सकती है।

दिनांकः–

हस्ताक्षर

स्थान :–

नामः–